Title: Reported thefts in the houses of Members of Parliament and law and order situation in Delhi.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ) : अध्यक्ष महोद्य, यह देश का सबसे बड़ा सदन है। इस सदन में हम हमेशा लॉ एंड ऑर्डर पर चर्चा करते रहते हैं।

अध्यक्ष महोद्य : क्या सबको याद रहता है ?

श्री श्रीचन्द कृपलानी : मेरा निवेदन है कि जैसा आपने भी आज अखबारों में पढ़ा होगा कि साउथ एवेन्यू में कई सांसदों के घरों में चोरी हुई है.

MR. SPEAKER: Hon. Member, this is a serious matter. I have already asked for a report. I have called the senior most police officer here so that I can take it up. But, I am allowing it today. I take it seriously.

श्री श्रीचन्द कृपलानी : जब मैं नार्थ एवेन्यू में रहता था तो वहां चड्ढी-बनियान चोरी होते तो मैंने देखा है, चोर पाइप वगैरह भी तोड़ कर ले जाते थे, लेकिन सांसदों के घरों में घुसकर इस तरह से चोरी हो, यह नहीं देखा। यहां पर हिन्दुस्तान के गृह मंत्री शिवराज जी पाटिल साहब बैठे हैं। सांसदों के घरों में चोर घुसे और ताला लगाकर तीन-तीन घंटे तक सेंध मारते रहें, तो हम देश को इस तरह क्या संदेश देंगे।

अध्यक्ष महोद्य : चोर किसी के भी मकान में नहीं घुसने चाहिए।

श्री श्रीचन्द कृपलानी :मेरा निवेदन यह है कि घर में घुस कर चोर आइसक्रीम खा गए और मोबाइल ले गए।

MR. SPEAKER: I have called the Police Commissioner. He is coming at One o'clock.

श्री श्रीचन्द कृपलानी : अभी तो सिर्फ चोरी की है, अगर किसी सांसद के घर में घुस कर गोली मार देंगे तो वहां उनकी रक्षा करने वाला कोई नहीं है।

MR. SPEAKER: This is a serious matter. I have called the Police Commissioner and am going to meet him just now.

श्री श्रीचन्द कृपलानी : यह पूरे सदन का मामला है, अकेले मेरा ही नहीं है।

अध्यक्ष महोद्य : अब समाप्त करें. आपने सही मामला उठाया है।

श्री श्रीचन्द कृपलानी : आप सरकार को निर्देश दें, गृह मंत्री जी को इस पर बयान देना चाहिए। यह बहुत गम्भीर मामला है इसलिए इसका जवाब आना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not fall into his trap. You are spoiling your case by falling into his trap. हम इसे देखेंगे। । आपने सही ढंग से मामला उठाया है इसलिए मैंने आपको अनुमति दी थी।